# SUMMATIVE ASSESSMENT – II, 2012
# संकलित परीक्षा – II, 2012

SS 2076

## SOCIAL SCIENCE / सामाजिक विज्ञान
## Class – X / कक्षा – X

**Time allowed : 3 hours** **Maximum Marks : 80**
**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 80**

www.atpeducation.com

**General Instructions :**

(i) The question paper has **36** questions in all. All questions are **compulsory**.

(ii) Marks are indicated against each question.

(iii) Questions from serial number **1** to **16** are Multiple Choice Questions. Each question carries **one mark**.

(iv) Questions from serial number **17** to **29** are **3 marks** questions. Answer of these questions should not exceed **80 words** each.

(v) Questions from serial number **30** to **34** are **4 marks** questions. Answer of these questions should not exceed **100 words** each.

(vi) Question number **35** is a map question of **2 marks** from History and Question number **36** is a map question of **3** marks from Geography only. After completion, attach both the maps inside your answer book.

**सामान्य निर्देश :**

(i) इस प्रश्न पत्र में कुल **36** प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **अनिवार्य** है।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक लिखे हुए हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक **1** से **16** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1 अंक** का है।

(iv) प्रश्न क्रमांक **17** से **29** तक प्रत्येक प्रश्न **3 अंक** का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80 शब्दों** से अधिक नहीं होना चाहिए।

(v) प्रश्न क्रमांक **30** से **34** तक प्रत्येक प्रश्न **4 अंक** का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120 शब्दों** से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) प्रश्न क्रमांक **35** केवल इतिहास से मानचित्र सम्बन्धी **2** अंक का प्रश्न है और प्रश्न क्रमांक **36** केवल भूगोल से मानचित्र सम्बन्धी **3 अंक** का प्रश्न है। मानचित्र पर उत्तर लिखने के बाद इनको अपनी उत्तर पुस्तिका के अन्दर रख कर बांध दीजिए।

**1.** Which one of the following was the effect of the Act of the Union 1707 between England and Scotland ? **1**
(a) England was able to impose the influence on Scotland.
(b) Scotland was able to impose its influence on England
(c) The Scotish Highlanders were allowed to speak their language.
(d) They were also allowed to wear their National dress.
इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच 'ऐक्ट ऑफ यूनियन' (1707) का प्रभाव निम्नलिखित में से क्या था ?
(a) इंग्लैंड, स्कॉटलैंड पर अपना प्रभुत्व जमा पाया।
(b) स्कॉटलैंड, इंग्लैंड पर अपना प्रभुत्व जमा पाया।
(c) स्कॉटिश हाइलैंड्स के निवासियों को अपनी भाषा बोलने की अनुमति मिल गयी।
(d) उन्हें अपने राष्ट्रीय पोशाक पहनने की भी अनुमति मिल गई।

**OR / अथवा**

Which one of the following groups of countries comprises Indo-China ? **1**
(a) Vietnam, India and China (b) Laos, India and Vietnam
(c) Vietnam, Laos and Combodia (d) Vietnam, China and Combodia
निम्नलिखित में से किस देश समूह से इंडो - चायना (हिन्द-चीन) बना है ?
(a) वियतनाम, भारत और चीन (b) लाओस, भारत और वियतनाम
(c) वियतनाम, लाओस और कंबोडिया (d) वियतनाम, चीन और कंबोडिया

**2.** In France, whose images were marked on coins and stamps during 1850s? **1**
(a) Germania (b) Marianne (c) Garibaldi (d) King Victor
फ्रांस में किसकी छवि सिक्कों और डाक टिकटों पर अंकित की गई ?
(a) जर्मेनिया (b) मारीआन (c) गैरीबाल्डी (d) किंग विक्टर

**OR / अथवा**

In which one of the following years, French troops landed in Vietnam? **1**
(a) 1856 (b) 1857 (c) 1858 (d) 1859
निम्नलिखित में से किस वर्ष में फ्रांसीसी सेना ने वियतनाम की धरती पर डेरा डाला ?
(a) 1856 (b) 1857 (c) 1858 (d) 1859

**3.** Which one of the following methods was used by Mahatma Gandhi to fight the racist regime in South Africa? **1**
(a) Hunger strike (b) Jail Bharo Andolan
(c) Satyagraha (d) Prayers
दक्षिण अफ्रीका में नस्लभेदी सरकार से लोहा लेने के लिए महात्मा गांधी ने निम्नलिखित में से किस पद्धति को अपनाया था ?
(a) भूख-हड़ताल (b) जेल भरो अभियान


http://www.atpeducation.com/downs.php?id=download&var=pep&ch=10&me=2

(c) सत्याग्रह (d) प्रार्थना

**4.** Which among the following names was being invoked to sanction all actions and aspirations in 1921? **1**

(a) Jawahar lal Nehru (b) Mahatma Gandhi
(c) Baba Ramchandra (d) Kisan Sabha

निम्नलिखित में से किस का नाम लेकर लोग 1921 में अपनी सारी कार्रवाइयों और आकांक्षाओं को सही ठहरा रहे थे ?

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) महात्मा गांधी
(c) बाबा रामचन्द्र (d) किसान सभा

**5.** Which one of the following states is the largest producer of 'Manganese' in India? **1**

(a) Karnataka (b) Madhya Pradesh
(c) Orissa (d) Jharkhand

निम्नलिखित में से भारत का कौन सा राज्य मैंगनीज़ का सबसे बड़ा उत्पादक है ?

(a) कर्नाटक (b) मध्य प्रदेश (c) उड़ीसा (d) झारखंड

**6.** Which one of the following is the largest producers of copper in India? **1**

(a) Jharkhand (b) Rajasthan
(c) Madhya Pradesh (d) Orissa

निम्नलिखित में से भारत का कौन सा राज्य ताँब का सबसे बड़ा उत्पादक है ?

(a) झारखंड (b) राजस्थान (c) मध्यप्रदेश (d) उड़ीसा

**7.** Which one of the following industries is the largest contributor of Gross Domestics Production (GDP) in India? **1**

(a) Rubber (b) Jute (c) Sugar (d) Textile

निम्नलिखित में से किस उद्योग का भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जी डी पी) में सबसे अधिक योगदान है ?

(a) रबड़ (b) जूट (c) चीनी (d) वस्त्र

**8.** Which one of the following National Highways is the longest in India? **1**

(a) NH – 1 (b) NH – 8 (c) NH – 7 (d) NH - 24

निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय राजमार्ग की लंबाई भारत में सबसे अधिक है ?

(a) एन एच – 1 (b) एन एच – 8 (c) एन एच – 7 (d) एन एच – 24

**9.** What did the leaders of the movement in Nepal reject in April 2004 ? **1**

(a) Half hearted concessions made by the king
(b) Democratic elections
(c) Restoration of Parliament
(d) Formation of an alliance

नेपाल में अप्रैल 2004 में आन्दोलन के नेताओं ने क्या स्वीकार नहीं किया ?

(a) राजा द्वारा आधे-अधूरे मन से रियायत देने की घोषणा
(b) लोकतांत्रिक चुनाव
(c) संसद की पुनर्बहाली
(d) गठबंधन का निर्माण

**10.** To which one of the following Continents, Bolivia belongs ? **1**

(a) Africa (b) Europe
(c) South America (d) Asia

बोलिविया किस महाद्वीप का देश है ?

(a) अफ्रीका (b) यूरोप
(c) दक्षिण अमेरिका (d) एशिया

**11.** Under whose leadership was the Bahujan Samaj Party formed? **1**

(a) Mayavati (b) Kashi Ram
(c) Ambedkar (d) Jagjivan Ram

बहुजन समाज पार्टी का गठन किसके नेतृत्व में हुआ था ?

(a) मायावती (b) कांशीराम (c) अम्बेडकर (d) जगजीवन राम

**12.** Which one of the following challenges does not come under 'foundations of challenges' ? **1**

(a) To bring down the existing non democratic government
(b) Ensuring greater power to local government.
(c) Keeping military away from controlling government
(d) Establishing a sovereign and functional state.

निम्नलिखित में से कौन सी चुनौती, लोकतंत्र की 'बुनियादी आधार' बनाने की चुनौती के अंतर्गत नहीं आती है ?

(a) मौजूदा गैर-लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था को गिराना
(b) स्थानीय सरकारों को अधिक अधिकार-संपन्न बनाना
(c) सत्ता पर सेना के नियंत्रण को समाप्त करना
(d) एक संप्रभु तथा कारगर शासन व्यवस्था को स्थापित करना।

**13.** In a barter system : **1**

(a) goods are exchanged for money.
(b) goods are exchanged for foreign currency.
(c) goods are exchanged without the use of money.
(d) goods are exchanged on credit.

वस्तु विनिमय प्रणाली में :

(a) वस्तुओं का विनिमय मुद्रा में होता है।
(b) वस्तुओं का विनिमय विदेशी मुद्रा में होता है।
(c) वस्तुओं का विनिमय मुद्रा के प्रयोग के बिना होता हैं।
(d) वस्तुओं का विनिमय साख पर होता है।

http://www.atpeducation.com/downs.php?id=download&var=pep&ch=10&me=2

**14.** About what percentage of their deposits is kept as cash by the banks in India? **1**
(a) 25% (b) 20% (c) 15% (d) 10%
भारत में बैंक जमा राशि का लगभग कितना प्रतिशत हिस्सा नकद के रूप में अपने पास रखते हैं?
(a) 25% (b) 20% (c) 15% (d) 10%

**15.** Removal of barriers set by the government is known as : **1**
(a) globalisation (b) liberalisation
(c) industrialisation (d) privatisation
सरकार द्वारा अवरोधों को हटाने की प्रक्रिया को क्या कहा जाता है?
(a) वैश्वीकरण (b) उदारीकरण
(c) औद्योगीकरण (d) निजीकरण

**16.** In which one of the following years was the Right to Information Act implemented ? **1**
(a) 2004 (b) 2005 (c) 2006 (d) 2007
निम्नलिखित में से किस वर्ष में सूचना के अधिकार का कानून लागू हुआ?
(a) 2004 (b) 2005 (c) 2006 (d) 2007

**17.** Who was Cavour? Explain his contributions to the unification of Italy. **1+2=3**
कैवूर कौन था? इटली के एकीकरण में उसके योगदानों की व्याख्या कीजिए।

**OR /अथवा**

**17.** Explain any three conditions of the contract on the basis of which indentured labour worked. **3x1=3**
अनुबंधन व्यवस्था के तहत अनुबंधित श्रमिकों के कार्य करने की किन्हीं तीन परिस्थितियों की व्याख्या कीजिए।

**18.** What was the objective of Simon Commission? Why was it opposed in India ? **2+1=3**
साइमन कमीशन का उद्देश्य क्या था? भारत में इसका क्यों विरोध किया गया?

**19.** Mention any three iron ore belts in India. **3x1=3**
भारत में पायी जाने वाली किन्हीं तीन लौह अयस्क पेटियों का उल्लेख कीजिए।

**20.** Why is iron and steel called a basic industry? Explain. **3**
लोहा एवं इस्पात उद्योग को आधारभूत उद्योग क्यों कहा जाता है? व्याख्या कीजिए।

**21.** "Most of the Jute mills are located in West Bengal." Explain any three reasons for it. **3x1=3**
''अधिकांश जूट मिलें पश्चिम बंगाल में अवस्थित है? इसके लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए।

**22.** Describe the main features of Bolivia's water war. **3**
बोलिविया के जल युद्ध की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**23.** Why is democracy considered a better form of government? Give any three **3x1=3**

arguments in favour of democracy.
लोकतंत्र को एक बेहतर शासन प्रणाली क्यों माना जाता है? लोकतंत्र के पक्ष में कोई तीन तर्क दीजिए।

**24.** Explain the relationship between democracy and development. **3**
लोकतंत्र और विकास के बीच संबंध स्पष्ट कीजिए।

**25.** How would you like to expand the definition of democracy? Explain. **3**
लोकतंत्र की परिभाषा का विस्तार आप कैसे करना पसंद करेंगे? व्याख्या कीजिए।

**26.** Where do MNCs set up their production units? Explain. **3**
बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ अपनी उत्पादन इकाईयाँ कहाँ स्थापित करती है? व्याख्या कीजिए।

**27.** What is globalisation? Explain. **3**
वैश्वीकरण क्या है? व्याख्या कीजिए।

**28.** Why are rules and regulations necessary in the market place? Explain . **3x1=3**
बाजार में नियमों तथा विनियमों की आवश्यकता क्यों पड़ती है? व्याख्या कीजिए।

**29.** List the information about goods and services which should be available under the Right to Information. **4**
'सूचना के अधिकार' के अंतर्गत वस्तुओं और सेवाओं के बारे में क्या जानकारी उपलब्ध होनी चाहिए? सूचीबद्ध कीजिए।

**30.** Why were the years of 1830s of great hard ship in Europe? Explain any four reasons. **4x1=4**
1830 का दशक यूरोप में भारी कठिनाइयाँ लेकर क्यों आया? किन्हीं चार कारणों की व्याख्या कीजिए।

**OR / अथवा**

Why did US decide to intervene decisively in the internal dispute of Vietnam? Explain. **4**
संयुक्त राज्य अमेरिका ने वियतनाम के आंतरिक झगड़े में निर्णायक हस्तक्षेप करने का निर्णय क्यों लिया? व्याख्या कीजिए।

**31.** Explain the impact of Non-cooperation Movement in the economic field. **4**
आर्थिक क्षेत्र में असहयोग आंदोलन के प्रभाव को स्पष्ट कीजिए।

**32.** Classify roads into six classes according to their capacity. What is the role of National Highway Authoriting of India? **3+1=4**
भारतीय सड़कों को उनकी क्षमता के आधार पर छः भागों में वर्गीकृत कीजिए। भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की क्या भूमिका है?

**33.** Describe any four functions of a political party. **4x1=4**
राजनीतिक दलों के किन्हीं चार कार्यों का वर्णन कीजिए।

**34.** What are 'Self-help Groups' ? How do they work ? Explain. **1+3=4**


http://www.atpeducation.com/downs.php?id=download&var=pep&ch=10&me=2

स्वयं – सहायता समूह क्या है? ये किस प्रकार कार्य करते हैं? व्याख्या कीजिए।

**35.** Two features (A) and (B) are marked in the given outline political map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map. **2x1=2**

(A) The place of the Indian National Congress session, (September 1920)
(B) Place of the Movement of Indigo planters

भारत के दिए हुए राजनीतिक मानचित्र पर (A) और (B) दो लक्षण चिह्नित किए हुए हैं। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन लक्षणों की पहचान कीजिए तथा मानचित्र में चिह्नित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए।

(A) सितम्बर 1920 में सम्पन्न भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन का आयोजन स्थल।
(B) नील उत्पादक किसानों द्वारा चलाए गए आन्दोलन का स्थान।

**OR / अथवा**

Locate and label the following items with appropriate symbols on the same map. **2x1=2**

(1) Nagpur - The place where Congress session was held.
(2) Kheda - Peasant Satyagraha

उसी मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त संकेतों द्वारा दर्शाइए और उनके सही नाम लिखिए।

(1) नागपुर : कांग्रेस सत्र का आयोजन स्थल
(2) खेड़ा : किसान सत्याग्रह

Note : The following questions are for the **BLIND CANDIDATES** only, in lieu of Q. No. 35. **2x1=2**

35.1 Name the place where movement of Indigo planters took place.
35.2 Where was the Congress Session of September 1920 held?

नोट – निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 35 के स्थान पर हैं।


35.1 उस स्थान का नाम बताइए जहाँ नील के किसानों का आन्दोलन हुआ था।
35.2 सितम्बर 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ था?

www.atpeducation.com



http://www.atpeducation.com/downs.php?id=download&var=pep&ch=10&me=2

Question No- 35




**36.** Three features (A), (B) and (C) are marked in the given outline political map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map. **3x1=3**

A - A nuclear plant
B - An Oil field
C - An Iron ore mine

भारत के दिए हुए राजनीतिक रेखा मानचित्र पर A, B और C तीन लक्षण चिह्नित किए हुए हैं। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन लक्षणों की पहचान कीजिए तथा मानचित्र में चिह्नित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए।

A - आण्विक केन्द्र

B - एक तेल क्षेत्र

C - एक लौह अयस्क खान

**OR / अथवा**

Locate and label the following items on the same map with appropriate symbols; **3x1=3**

(i) SURAT - Cotton textile centre

(ii) Hyderabad - Software technology park

(iii) Haldia - A Sea port

उसी रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त संकेतो द्वारा दर्शाइए और उनके नाम लिखिए।

(I) सूरत : सूती वस्त्र केन्द्र

(II) हैदराबाद : सॉफ्टवेअर टेक्नोलॉजी पार्क

(III) हल्दिया : समुद्री पत्तन

Note : The following questions are for the **BLIND CANDIDATES** only in lieu of Q. No. 36. **3x1=3**

(36.1) In which state in Surat situated ?

(36.2) The fomous software technology Park of Hyderabad is situated in which state ?

(36.3) Name the Iron ore mine of Karnataka.

नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 36 के स्थान पर हैं।


36.1 सूरत किस राज्य में स्थित है ?

36.2 हैदराबाद का प्रसिद्ध सॉफ्टवेयर टेक्नॉलॉजी पार्क किस राज्य में स्थित हैं ?

36.3 कर्नाटक के लौह अयस्क खान का नाम बताइए।

www.atpeducation.com

Question No-36




- o O o -